पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने विधान सभा अध्यक्ष को पत्र लिखा

राज्यपाल पर सदन में की गई टिप्पणियों की मुद्रित प्रति एवं आडियो/वीडियो सीडी उपलब्ध कराई जाये

लखनऊ 09 मार्च, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार का संज्ञान लेते हुए विधान सभा अध्यक्ष, श्री माता प्रसाद पाण्डेय को पत्र लिखकर अपेक्षा की है कि दिनांक 8 मार्च, 2016 को विधान सभा में बोलते हुए श्री मोहम्मद आजम खाँ, मंत्री, संसदीय कार्य एवं शहरी समग्र विकास तथा विधान सभा अध्यक्ष सहित कतिपय सदस्यों द्वारा राज्यपाल से संबंधित जो टिप्पणियां की गई हैं, उसकी असम्पादित मुद्रित प्रति (जतंदेबतपचज) एवं आडियो/वीडियो सीडी उन्हें यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाये।

राज्यपाल ने अपने पत्र में कहा है कि उनके द्वारा विचाराधीन दो विधेयकों क्रमशः उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2015 तथा उत्तर प्रदेश नगरपालिका विधि (संशोधन) विधेयक, 2015 पर दिनांक 8 मार्च, 2016 को विधान सभा में बोलते हुए श्री मोहम्मद आजम खाँ, संसदीय कार्य एवं शहरी समग्र विकास मंत्री तथा आप सहित कतिपय सदस्यों द्वारा भी अपने-अपने अभिमत व्यक्त किये गये है उनका वे श्रवण/अवलोकन करना चाहते हैं।

अंजुम/ललित/राजभवन (92/14)